इस निर्ग्रंथ प्रवचन में स्थित मनुष्य सिद्ध, बुद्ध, मुक्त और परिनिर्वृत होते हैं तथा सब दुःखों का अन्त करते हैं।

मैं इस निर्ग्रंथ धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि करता हूं। इसका

आचरण और अनुपालन करता हूं।

इस निर्ग्रंथ धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि करता हुआ, इसका आचरण और अनुपालना करता हुआ, इस निर्ग्रंथ धर्म की आराधना के लिए अभ्युत्थित होता हूं, विराधना से विरत होता हूं।

मैं असंयम, अब्रह्म, अकल्प, अज्ञान, अक्रिया, मिथ्यात्व, अबोधि और अमार्ग का प्रत्याख्यान करता हूं तथा संयम, ब्रह्म, कल्प, ज्ञान, क्रिया, सम्यक्त्व, बोधि और मार्ग को स्वीकार करता हूं।

अतिचार की स्मृति या अस्मृति, उसके प्रतिक्रमण या अप्रतिक्रमण से सम्बन्धित सब दैवसिक अतिचार का प्रतिक्रमण करता हूं।

मैं श्रमण हूं, संयत और विरत हूं। मैंने अतीत के पापकर्मों की आलोचना की है और भविष्य में पापकर्मों का प्रत्याख्यान किया है। मैं निदान-मुक्त, दृष्टि-सपन्न और माया-मृषा का विवर्जन करने बाला हूं।

अढ़ाई द्वीप-समुद्रों और पन्द्रह कर्म-भूमियों में रजोहरण, गोच्छक और पात्र को धारण करने बाले, पंचमहाव्रती, अठारह हजार शीलांग के अभ्यासी, अक्षत आचार और चरित्र वाले जितने साधु हैं, उन सबको सिर और मन को प्रणत कर, ललाट पर अञ्जलि टिका बन्दना करता हूं।

१४. खामेमी सव्वजीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे।
मेत्ती मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झ न केणई॥
एवमहं आलोइय निंदिय गरिहिय दुगंछिय सम्मं।
तिविहेण पडिक्कंतो वंदामि जिणे चउवीसं॥

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
क्षाम्यामि	क्षमा करता हूं
सर्वजीवान्	समस्त जीवों को
सर्वे जीवाः	सभी जीव
क्षमन्तां	क्षमा करें
माम्।	मुझको।
मैत्री	मैत्री
मे	मेरी
सर्वभूतेषु	सभी प्राणियों के प्रति
वैरं	वैर
मम	मेरा
न	नहीं है
केनचित्।	किसी के साथ।
एवं	इस प्रकार

मया	मैंने
आलोचितं	आलोचना की है
निंदितं	निन्दा की है
गर्हितं	गर्हा की है
जुगुप्सितं	जुगुप्सा की है
सम्यक् ।	सम्यक् प्रकार से ।
त्रिविधेन	तीन करण तीन योग से
प्रतिक्रान्तः	प्रतिक्रान्त (प्रतिक्रमण किया हुआ) होकर
वन्दे	वन्दना करता हूं
जिनान्	जिनों को
चतुर्विंशतिम ।	चौबीस ।

भावार्थ

मैं सब जीवों को क्षमा करता हूं सब जीव मुझे क्षमा करें। सब जीवों के साथ मेरी मैत्री है। किसी के साथ मेरा वैर नहीं है।

इस प्रकार मैंने सम्यक् रूप में अतिचारों की आलोचना, निंदा, गर्हा और जुगुप्सा की है। मैं तीन करण और तीन योग से प्रतिक्रांत होकर चौबीस तीर्थंकरों को वन्दना करता हूं।

१५. इच्छामि खमासमणो……(वंदणयसुत्तं)

१६. पंचपद वंदना

१७. खामणा-सुत्तं[2]

इच्छामि खमासमणो उवट्ठिओमि अब्भितर-पक्खियं खामेउं पन्नरसण्हं दिवसाणं पन्नरसण्हं राईणं जं किंचि अपत्तियं परपत्तियं भत्ते पाणे विणये वेयावच्चे आलावे संलावे उच्चासणे समासणे अंतरभासाए उवरिभासाए जं किंचि मज्झ विणयपरिहीणं सुहुमं वा बायरं वा तुब्भे जाणह अहं न याणामि तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

संस्कृत छाया	**शब्दार्थ**
इच्छामि	चाहता हूं
क्षमाश्रमण !	हे क्षमाश्रमण !
उपस्थितोऽस्मि	उपस्थित होता हूं
आभ्यन्तर-पाक्षिकं	पक्ष के भीतर

१. परिशिष्ट २। २. यह सूत्र पाक्षिक आदि क्षमायाचना का है।

क्षमितुं	क्षमा करने के लिए।
पञ्चदशानां	पन्द्रह
दिवसानां	दिनों में
पञ्चदशानां	पन्द्रह
रात्रीणां	रात्रियों में
यत्	जो
किंचित्	कुछ
अप्रत्ययः	अविश्वास के कारण
परप्रत्ययः	दूसरे के विश्वास के कारण
भक्ते	भोजन
पाने	पानी
विनये	विनय
वैयावृत्ये	सेवा
आलापे	आलाप
संलापे	संलाप
उच्चासने	उच्च आसन
समासने	सम आसन
अन्तरभाषायां	बीच में बोलना
उपरिभाषायां	बात को काटकर वोलना
यत्	जो
किंचित्	कुछ
मम	मेरा
विनयपरिहीनं	विनयहीन व्यवहार
सूक्ष्मं वा	सूक्ष्म अथवा
बादरं वा	स्थूल
यूयं जानीथ	आप जानते हैं
अहं न जानामि	मैं नहीं जानता
तस्य	उससे सम्बन्धित
मिथ्या	निष्फल हो
मे	मेरा
दुष्कृतम्।	दुष्कृत।

भावार्थ

हे क्षमाश्रमण ! मैं पाक्षिक क्षमायाचना करना चाहता हूं, इसलिए आपके समक्ष उपस्थित हुआ हूं। इन पन्द्रह दिन-रात में अविश्वास या दूसरे

के विश्वास के कारण, भोजन, पानी, विनय, सेवा, आलाप-संलाप, बैठने-उठने, बीच में बोलने, आचार्य की बात को काट अपनी बात ऊपर रखने आदि प्रवृत्तियों में मेरे द्वारा सूक्ष्म या स्थूल—जो कुछ विनयहीन व्यवहार या आचरण हुआ हो, जिसे मैं नहीं जानता, आप जानते हैं, उन सबके लिए मैं क्षमायाचना करता हूं। उस संबंधी मेरा दुष्कृत निष्फल हो।

१८.८४ लाख जीवयोनि[1]

संदर्भ-स्थल :

१. भय के सात स्थान (समवाओ, ७।१)

भय मोहनीय कर्म की एक प्रकृति है। उसके प्रभाव से होने वाला आत्म-परिणाम भय कहलाता है। वह सात प्रकार का है—

१. इहलोकभय—सजातीय भय—जैसे मनुष्य को मनुष्य से होने वाला भय
२. परलोकभय—विजातीय भय—जैसे तिर्यञ्च, देव आदि से होने वाला भय।
३. आदानभय—धन आदि के अपहरण से होने वाला भय
४. अकस्मात् भय—बाह्य निमित्तों के बिना अपने ही विकल्पों से होने वाला भय
५. वेदना भय—पीड़ा आदि से उत्पन्न भय
६. मरण भय—मृत्यु का भय
७. आलोक भय—अकीर्ति का भय।

२. मद के आठ स्थान (समवाओ, ८।१)

१. जातिमद
२. कुलमद
३. बलमद
४. रूपमद
५. तपोमद
६. श्रुतमद
७. लाभमद
८. ऐश्वर्यमद।

३. ब्रह्मचर्य की नौ गुप्तियां (समवाओ, ९।१)

१. विविक्त शयन और आसन का सेवन करना
२. केवल स्त्रियों में धर्मोपदेश न करना
३. स्त्रियों की निषधा-स्थान का सेवन न करना
४. स्त्रियों के अवयवों को आसक्त दृष्टि से न देखना
५. प्रणीतरस—गरिष्ठ भोजन न करना

---

१. परिशिष्ट ३।

६. अतिमात्रा में आहार न करना
७. पूर्व अवस्था में आचीर्ण भोगों की स्मृति न करना
८. इन्द्रिय-विषयों तथा श्लाघा में आसक्त न होना

(हरिभद्र सूरि ने आवश्यक की टीका में इन नौ गुप्तियों में प्रथम सात को व्यत्यय से माना है और शेष दो के स्थान पर—विभूषा न करना और मैथुनरत स्त्रियों के क्वणित को न सुनना—माना है।)

४. दस प्रकार का श्रमण-धर्म (समवाओ, १०।१)

१. क्षान्ति—क्षमा, क्रोध का विवेक
२. मुक्ति - आकिञ्चन्य, लोभ का विवेक
३. आर्जव—ऋजुता, माया का विवेक
४. मार्दव—मृदुता, मन का विवेक
५. लाघव—हल्कापन, अप्रतिबद्धता
६. सत्य
७. संयम
८. तप
९. त्याग—साधर्मिक साधुओं को भोजन आदि देना
१०. ब्रह्मचर्यवास।

५. उपासक की ग्यारह प्रतिमाएं (समवाओ, ११।१)

प्रतिमा का अर्थ है—प्रतिज्ञा, अभिग्रह-विशेष। श्रमणोपासक की ग्यारह प्रतिमाएं हैं—

१. दर्शनश्रावक—यह पहली प्रतिमा है। इसका कालमान एक मास का है।
२. कृतव्रतकर्म—यह दूसरी प्रतिमा है। इसका कालमान दो मास का है।
३. कृतसामायिक— यह तीसरी प्रतिमा है। इसका कालमान तीन मास का है।
४. पोषधोपवासनिरत—यह चौथी प्रतिमा है। इसका कालमान चार मास का है।
५. दिन में ब्रह्मचारी—यह पांचवीं प्रतिमा है। इसका कालमान पांच मास का है।
६. दिन और रात में ब्रह्मचारी—यह छठी प्रतिमा है। इसका कालमान छह मास का है।
७. सचित्त-परित्याग—यह सातवीं प्रतिमा है। इसका कालमान सात

मास का है।

८. आरम्भ परित्यागी—यह आठवीं प्रतिमा है। इसका कालमान आठ मास का है।

९. प्रेष्य-परित्यागी—यह नौवीं प्रतिमा है। इसका कालमान नौ मास का है।

१०. उद्दिष्ट भक्त-परित्यागी—यह दसवीं प्रतिमा है। इसका कालमान दस मास का है।

११. श्रमणभूत—यह ग्यारहवीं प्रतिमा है। इसका कालमान ग्यारह मास का है।[1]

६. भिक्षु की बारह प्रतिमाएं (समवाओ, १२।१)

१. एकमासिकी	७ सप्तमासिकी
२. द्विमासिकी	८. सात दिनरात की
३. त्रिमासिकी	९. सात दिनरात की
४. चतु:मासिकी	१०. सात दिन रात की
५. पञ्चमासिकी	११. अहोरात्रिकी
६. षण्मासिकी	१२. एकरात्रिकी

दृढ़ संहननवाला और धृतियुक्त महासत्त्व, व्युत्सृष्ट, त्यक्त-देह, उपसर्ग-सह मुनि, जो पूर्वधर है, वह इन प्रतिमाओं को स्वीकार करता है। इन प्रतिमाओं में भिन्न-भिन्न तपस्याओं, आसनों तथा स्थानों का निर्देश है। भक्तपान का भी एक निश्चित क्रम है।[2]

७. तेरह क्रियास्थान (सूयगडो, २।२।३-१६)

क्रिया का सामान्य अर्थ है प्रवृत्ति। प्रस्तुत प्रसंग में उन प्रवृत्तियों का संकलन है जो कर्मबंध की हेतुभूत हैं। क्रियाओं के तीन प्रकार के वर्गीकरण प्राप्त हैं। पहला वर्गीकरण है—सूत्रकृतांग सूत्र का। उसके अनुसार तेरह क्रियाओं का उल्लेख इस प्रकार है—

१. अर्थदण्ड—अपने लिए या दूसरे के लिए हिंसा की प्रवृत्ति करना

२. अनर्थदण्ड—निष्प्रयोजन हिंसा की प्रवृत्ति करना

३. हिंसादण्ड—प्रतिशोध की भावना से हिंसा की प्रवृत्ति करना

४. अकस्मात्दण्ड—किसी को मारने के प्रयत्न में किसी दूसरे को मार डालना

५. दृष्टिदोषदण्ड—दृष्टि की विपरीतता से होने वाली हिंसक प्रवृत्ति—जैसे अचोर को चोर, मित्र को अमित्र मानकर मार डालना

---

१. देखें—समवाओ ११/१, टिप्पण पृ० ५४-५६।

२. देखें—आवश्यक, हारिभद्रीया वृत्ति भाग २, पृष्ठ १५०,१५१।

६. मृषाप्रत्ययिक—झूठ बोलने की प्रवृत्ति करना
७. अदत्तादानप्रत्ययिक—चोरी की प्रवृत्ति करना
८. अध्यात्म (मनः) प्रत्ययिक—अन्तर्मन से सावद्य प्रवृत्ति करना
९. मानप्रत्ययिक—अहंकार के वशीभूत होकर प्रवृत्ति करना
१०. मित्रद्वेषप्रत्ययिक—अपने ज्ञातिजनों के अल्प अपराध पर भारी दंड देना
११. मायाप्रत्ययिक—मायायुक्त प्रवृत्ति करना
१२. लोभप्रत्ययिक—लोभ के वशीभूत होकर सावद्य प्रवृत्ति करना
१३. ऐर्यापथिक—समिति और गुप्ति की साधना में संलग्न अनगार वीतराग की प्रवृत्ति

इनमें प्रथम बारह अग्राह्य और तेरहवां क्रियास्थान उपादेय है।

८. चौदह भूतग्राम—जीव-समूह (समवाओ, १४।१)

१. सूक्ष्म अपर्याप्तक
२. सूक्ष्म पर्याप्तक
३. बादर अपर्याप्तक
४. बादर पर्याप्तक
५. द्वीन्द्रिय अपर्याप्तक
६. द्वीन्द्रिय पर्याप्तक
७. त्रीन्द्रिय अपर्याप्तक
८. त्रीन्द्रिय पर्याप्तक
९. चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तक
१०. चतुरिन्द्रिय पर्याप्तक
११. असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तक
१२. असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक
१३. संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तक
१४. संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक

९. परमाधार्मिक देवों के पन्द्रह प्रकार (समवाओ, १५।१)

१. अंब
२. अंबरिसी
३. श्याम
४. शबल
५. रौद्र
६. उपरौद्र
७. काल
८. महाकाल
९. असिपत्र
१०. धनु
११. कुंभ
१२. बालुका
१३. वैतरणी
१४. खरस्वर
१५. महाघोष

१०. सूत्रकृतांग सूत्र के दो श्रुतस्कंध हैं। पहले श्रुतस्कंध में सोलह अध्ययन हैं। सोलहवें अध्ययन का मूल नाम है 'गाथा'। वह सोलहवां होने के कारण 'गाथा-षोडषक' कहलाता है। यह नाम प्रथम श्रुतस्कंध का वाचक है।

११. सतरह प्रकार का असंयम (समवाओ, १७।१)

१. पृथ्वीकाय असंयम
२. अप्काय असंयम
३. तेजस्काय असंयम
४. वायुकाय असंयम
५. वनस्पतिकाय असंयम
६. द्वीन्द्रिय असंयम

७. त्रीन्द्रिय असंयम
८. चतुरिन्द्रिय असंयम
९. पञ्चेन्द्रिय असंयम
१०. अजीवकाय असंयम
११. प्रेक्षा असंयम
१२. उपेक्षा असंयम
१४. अपहृत्य असंयम
१४. अप्रमार्जन असंयम
१५. मन असंयम
१६. वचन असंयम
१७. काया असंयम

पृथ्वीकाय आदि पांच स्थावर जीवों तथा द्वीन्द्रिय आदि त्रस जीवों का मन, वचन, काया से संघट्टन आदि करना, उन्हें पीड़ा पहुंचाना—यह इन जीवों के प्रति किया जाने वाला असंयम है।

अजीव वस्तुएं जो निरन्तर काम में ली जाती हैं, उनके व्यवहरण में जो प्रमाद होता है, वह अजीवकाय असंयम है।

स्थान आदि का प्रतिलेखन न करना—प्रेक्षा असंयम है।

साधर्मिक व्यक्तियों को संयम के प्रति प्रेरित न करना—उपेक्षा असंयम है।

परिष्ठापन योग्य भोजन, वस्तु आदि का परिष्ठापन न करना—अपहृत्य असंयम है।

अकुशल मन का प्रवर्तन करना मन असंयम है।

अकुशल वचन का प्रवर्तन करना वचन असंयम है।

काया की असम्यक् प्रवृत्ति करना काय असंयम है।

११. अठारह प्रकार का अब्रह्मचर्य

अब्रह्मचर्य दो प्रकार का होता है—औदारिक और दिव्य। औदारिक के अन्तर्गत तिर्यञ्चों और मनुष्यों का समावेश होता है और दिव्य देवता से सम्बधित है।

देव, मनुष्य और तिर्यञ्च के साथ तीन कारण—(मन, वचन और काया) से तथा तीन योग—(करना, कराना और अनुमोदन करना)—से अब्रह्मचर्य का सेवन करना। तीनों—देव, मनुष्य और तिर्यञ्च के साथ छह-छह विकल्प होने से उनका कुल योग अठारह हो जाता है—६×३=१८

१३. ज्ञाता के उन्नीस अध्ययन (समवाओ, १९/१)

ज्ञाता धर्मकथा छट्ठा अंग है। इसके दो श्रुतस्कंध हैं। प्रथम श्रुतस्कंध में उन्नीस अध्ययन हैं।

इन अध्ययनों के प्रति कोई प्रकार का अतिचार करना श्रुत का दोष है।

१४. असमाधि के बीस स्थान (समवाओ, (२०/१)

समाधि का अर्थ है—चित्त की नीरोगता, चित्त की निर्मलता।

इसका ताप्पर्य है—मोक्षमार्ग में अवस्थिति, चैतन्य के प्रति जागरूकता। इस समाधि का न होना असमाधि है। उसके बीस स्थान हैं, भेद हैं अथवा उत्पत्ति के कारण हैं—

१. शीघ्र गति से चलना
२. प्रमार्जन किये बिना चलना
३. अविधि से प्रमार्जन कर चलना
४. प्रमाण से अधिक शय्या, आसन आदि रखना
५. रत्नाधिक मुनियों का पराभव करना
६. स्थविरों का उपघात करना
७. प्राणियों का उपघात करना
८. प्रतिक्षण क्रोध करना
९. अत्यन्त क्रुद्ध होना
१०. परोक्ष में अवर्णवाद बोलना
११. बार-बार निश्चयकारिणी भाषा बोलना
१२. अनुत्पन्न नये कलहों को उत्पन्न करना
१३. क्षामित और उपशान्त पुराने कलहों की उदीरणा करना
१४. सचित्त रजों से लिप्त हाथ से भिक्षा आदि लेना, सचित्त रजों से लिप्त पैरों से चंक्रमण करना
१५. अकाल में स्वाध्याय करना
१६. कलह करना
१७. बकवास करना
१८. गण में भेद डालना, गण के मन को दुःखाने वाली भाषा बोलना
१९. सूर्योदय से सूर्यास्त तक बार-बार खाना
२०. एषणा समिति का पालन न करना।

१५, शबल के इकबीस प्रकार (समवाओ, २१।१)

जिस आचरण के द्वारा चारित्र धब्बों वाला होता है, उस आचरण या आचरण-कर्त्ता को 'शबल' कहा जाता है।

१. हस्तकर्म करना
२. मैथुन का प्रतिसेवन करना
३. रात्रि-भोजन करना
४. आधाकर्म आहार करना
५. सागारिक—शय्यातर का पिंड खाना
६. औद्देशिक, क्रीत तथा आहृत आहार खाना
७. बार-बार अशन आदि का प्रत्याख्यान कर उसे खाना

८. छह महीनों में एक गण से दूसरे गण में संक्रमण करना
९. एक महीने में तीन उदकलेप (नाभि-प्रमाण पानी वाली नदी आदि) लगाना
१०. एक महीने में तीन मायास्थान (प्रच्छादन आदि) का सेवन करना
११. राजपिंड का भोग करना
१२. अभिमुखतापूर्वक—जानकर हिंसा करना
१३. अभिमुखतापूर्वक झूठ बोलना
१४. अभिमुखतापूर्वक अदत्तादान लेना
१५. अव्यवहित (बिना कुछ बिछाए) पृथ्वी पर स्थान (कायोत्सर्ग) या निषद्या करना
१६. जानबूझकर जल-स्निग्ध तथा सचित्त रज से संश्लिष्ट पृथ्वी पर स्थान या निषद्या करना
१७. सचित्त पृथ्वी, शिलापट्ट आदि पर स्थान या निषद्या करना
१८. जानबूझकर सचित्त कंद-मूल आदि का भोजन करना
१९. एक वर्ष में दस उदक-लेप लगाना
२०. एक वर्ष में दस मायास्थान का सेवन करना
२१. बार-बार सचित्त जल से लिप्त गृहस्थ के हाथों से अशन, पान आदि ग्रहण कर उनका भोग करना।

१३. बाबीस परीषह (समवाओ, २२।१)

परीषह का सामान्य अर्थ है कष्ट। मुनि-जीवन में जिन कष्टों की अत्यधिक संभावना रहती है, उनका यहां उल्लेख है। ये बावीस प्रकार के हैं। उनको सहने के दो कारक हैं—मोक्षमार्ग से अविचलित होने के लिए तथा कर्मसंचय की निर्जरा के लिए। उन परीषहों का विशद वर्णन उत्तराध्ययन सूत्र के दूसरे अध्ययन में विस्तार से हुआ है। वे बाबीस परीषह ये हैं—

१. क्षुधा परीषह
२. पिपासा परीषह
३. शीत परीषह
४. उष्ण परीषह
५. दंश-मशक परीषह
६. अचेल परीषह
७. अरति परीषह
८. स्त्री परीषह
९. चर्या परीषह
१०. निषीधिका परीषह
११. शय्या परीषह
१२. आक्रोश परीषह
१३. वध परीषह
१४. याचना परीषह
१५. अलाभ परीषह
१६. रोग परीषह
१७. तृणस्पर्श परीषह
१८. जल्ल परीषह
१९. सत्कार-पुरस्कार परीषह
२०. ज्ञान परीषह
२१. दर्शन परीषह
२२. प्रज्ञा परीषह

१७. सूत्रकृताङ्ग के तेबीस अध्ययन

सूत्रकृताङ्ग के दो श्रुतस्कन्ध हैं। पहले श्रुतस्कन्ध में सोलह और दूसरे श्रुतस्कन्ध में सात अध्ययन हैं। इस प्रकार पूरे सूत्रकृतांग के (१६+७) तेबीस अध्ययन होते हैं।

१८. देव के चौबीस प्रकार (समवाओ, २४।१,३)

इसके दो वर्गीकरण प्राप्त हैं। एक के अनुसार चौबीस देवाधिदेव (तीर्थंकर) गृहीत हैं। दूसरे के अनुसार चौबीस देव—इन्द्र ये हैं।

१. भवनपति देवों के दस प्रकार
२. व्यन्तर देवों के आठ प्रकार
३. ज्योतिषी देवों के पांच प्रकार
४. वैमानिक देवों का एक प्रकार
कुल योग (१०+८+५+१)=२४

१९. पचीस भावनाएं (समवाओ, २५।१)

महाव्रतों की सुरक्षा और पुष्टि के लिए जिसका प्रतिदिन चिन्तन और क्रियान्वयन किया जाता है, वह भावना है। पांच महाव्रतों की पचीस भावनाएं हैं—

अहिंसा महाव्रत की पांच भावनाएं—

१. ईर्या समिति २. मनोगुप्ति ३. वचनगुप्ति ४. आलोक-भाजन भोजन ५. आदानभांडामत्रनिक्षेपणा समिति।

सत्य महाव्रत की पांच भावनाएं—

१. विधियुक्त बोलना २. क्रोधविवेक ३. लोभविवेक ४. भयविवेक ५. हास्यविवेक।

अचौर्य महाव्रत की पांच भावनाएं—

१. अवग्रह की अनुज्ञा लेना
२. अवग्रह का सीमा-बोध करना
३. अनुज्ञात अवग्रह की सीमा में रहना
४. साधर्मिकों द्वारा याचित अवग्रह में उनकी आज्ञा लेकर रहना
५. भक्त-पान का आचार्य आदि को दिखाकर उपभोग करना।

ब्रह्मचर्य महाव्रत की पांच भावनाएं—

१. स्त्री, पशु और नपुंसक से संयुक्त शयन और आसन का वर्जन करना
२. स्त्रीकथा का वर्जन करना

३. स्त्रियों के अवयवों का अवलोकन न करना

४. पूर्व भुक्त भोगों की स्मृति न करना

५. प्रणीत—गरिष्ठ आहार न करना।

अपरिग्रह महाव्रत की पांच भावनाएं—

पांचों इन्द्रियों के प्रति होने वाले राग—आसक्ति से उपरत रहना।

२०. इनमें तीन आगम ग्रंथों के उद्देशन-काल (अध्ययन) का संकेत है—

१. दशाश्रुतस्कंध—१० अध्ययन

२. बृहत्कल्प—६ अध्ययन

३. व्यवहारसूत्र—१० अध्ययन

(समवाओ, २६।१)

उद्देशन काल का अर्थ है—जिसकी वाचना एक दिन में एक साथ दी जा सके। इसके आधार पर प्रत्येक अध्ययन का एक-एक उद्देशन-काल होता है।

२१. अनगार के सताबीस गुण (समवाओ, २७।१)

१. प्राणातिपात-विरमण
२. मृषावाद-विरमण
३. अदत्तादान-विरमण
४. मैथुन-विरमण
५. परिग्रह-विरमण
६. श्रोत्रेन्द्रिय-निग्रह
७. चक्षुरिन्द्रिय-निग्रह
८. घ्राणेन्द्रिय-निग्रह
९. रसनेन्द्रिय-निग्रह
१०. स्पर्शनेन्द्रिय-निग्रह
११. क्रोध-विवेक
१२. मान-विवेक
१३. माया-विवेक
१४. लोभ विवेक
१५. भावसत्य—अन्तरात्मा की पवित्रता
१६. करणसत्य—क्रिया की पवित्रता
१७. योगसत्य—मन-वचन-काया का सम्यक् प्रवर्तन
१८. क्षमा
१९. वैराग्य
२०. मन-समाहरण—मन का संकोचन
२१. वचन-समाहरण—वचन का संकोचन
२२. काय-समाहरण—काया का संकोचन
२३. ज्ञान-संपन्नता
२४. दर्शन-संपन्नता
२५. चारित्र-संपन्नता
२६. वेदना-अधिसहन
२७. मारणान्तिक अधिसहन।

आवश्यक हारिभद्रीया वृत्ति (पृष्ठ ११३) में इनका उल्लेख भिन्न प्रकार से है। वहां रात्रिभोजन-विरमण-सहित व्रत-षट्क, पांच इन्द्रिय-निग्रह, षटकाय, (१८) भावसत्य, (१९) करणसत्य, (२०) क्षमा, (२१) विरागता, (२२-२४) मनोवाक्कायनिग्रह, (२५) संयमयोगयुक्तता, (२६) वेदनाअभिसहन, (२७) मारणान्तिक अभिसहन।

२२. आचार-प्रकल्प

इसके दो अर्थ हैं—१. आचारांग का एक अध्ययन जो निशीथ कहलाता है तथा २. साध्वाचार का व्यवस्थापन।

इसका अर्थ इस प्रकार भी किया जाता है—

१. आचार—आचारांग सूत्र के दोनों क्षुतस्कंधों के (१६+९) पचीस अध्ययन।

२. प्रकल्प—निशीथ के तीन अध्ययन।

हरिभद्र ने आचारांग को ही आचार-प्रकल्प मानकर उपरोक्त (२५+३) अध्ययनों को गिनाया है। (वृत्ति, पृष्ठ ११३)

२३. पापश्रुतप्रसंग (समवाओ, २९।१)

जो शास्त्र पाप या बन्धन का उपादान होता है उसे 'पापश्रुत' कहा जाता है। प्रसंग के दो अर्थ हैं—आसक्ति और आसेवन। पापश्रुतप्रसंग के उनतीस प्रकार ये हैं—

१. भौम २. उत्पात ३. स्वप्न ४. अन्तरिक्ष ५ अंग ६. स्वर ७. व्यञ्जन ८. लक्षण—इन आठों के सूत्र, वृत्ति और वार्त्तिक—ये तीन-तीन प्रकार होते हैं। २५. विकथानुयोग २६. विद्यानुयोग २७. मंत्रानुयोग २८. योगानुयोग २९. अन्यतीर्थिक-प्रवृत्तानुयोग।

२४. मोहनीय के स्थान

इसका तात्पर्य है—महामोहनीय कर्मबंध के तीस कारण हैं। प्रश्न-व्याकरण (वृत्ति पत्र ८६, ८७), उत्तराध्ययन (वृत्ति पत्र ६१७, ६१८) तथा दशाश्रुतस्कंध (दशा नौ) में इन तीस स्थानों का उल्लेख प्राप्त होता है। उनमें कुछ भिन्नता भी है। प्रश्नव्याकरण की वृत्ति के अनुसार वे तीस स्थान ये हैं :

१. त्रस जीवों को पानी में डूबो कर मारना।
२. हाथ आदि से मुख आदि अंगों को बंद कर प्राणी को मारना।
३. सिर पर चर्म आदि बांधकर मारना।
४. मुद्गर आदि से सिर पर प्रहार कर मारना।
५. प्राणियों के लिए जो आधारभूत व्यक्ति हैं, उन्हें मारना।
६. सामर्थ्य होते हुए भी कलुषित भावना से ग्लान की औषधि आदि से सेवा न करना।
७. तपस्वियों को बलात् धर्म से भ्रष्ट करना।
८. दूसरों को मोक्षमार्ग से विमुख कर अपकार करना।
९. जिनदेव की निन्दा करना।
१०. आचार्य आदि की निन्दा करना।

११. ज्ञान आदि से उपकृत करने वाले आचार्य आदि की सेवा-शुश्रुषा नहीं करना।
१२. बार-बार अधिकरण—कलह करना।
१३. वशीकरण करना।
१४. प्रत्याख्यात भोगों की पुनः अभिलाषा करना।
१५. अबहुश्रुती होते हुए भी बार-बार अपने को बहुश्रुती बताना।
१६. अतपस्वी होते हुए भी तपस्वी बताना।
१७. प्राणियों को घेर, वहां अग्नि जला, धुएं की घुटन से उन्हें मारना।
१८. अपने अकृत्य को दूसरे के सिर मढना।
१९. विविध प्रकार की माया से दूसरों को ठगना।
२०. अशुभ आशय से सत्य को मृषा बताना।
२१. सदा कलह करते रहना।
२२. विश्वास उत्पन्न कर दूसरे के धन का अपहरण करना।
२३. विश्वास उत्पन्न कर दूसरों की स्त्रियों को लुभाना।
२४. अकुमार होते हुए भी अपने को कुमार कहना।
२५. अब्रह्मचारी होते हुए भी अपने आपको ब्रह्मचारी कहना।
२६. जिसके द्वारा ऐश्वर्य प्राप्त किया, परोक्ष में उसी के धन की वांछा करना।
२७. जिसके प्रभाव से कीर्ति प्राप्त की उसी को ज्यों-त्यों अन्तराय देना।
२८. राजा, सेनापति, राष्ट्रचिन्तक आदि जन-नेताओं को मारना।
२९. देव-दर्शन न होते हुए भी 'मुझे देव-दर्शन होता है'—ऐसा कहना।
३०. देवों की अवज्ञा करते हुए अपने आपको देव घोषित करना।

२५. सिद्धों के आदि गुण (समवाओ, ३१।१)

आदि-गुण का अर्थ है—मुक्त होने के प्रथम क्षण में होने वाले गुण। उनकी संख्या इकतीस है। संख्या दो प्रकार से बतलाई गई है—

आठों कर्मों के क्षय की निष्पत्ति के आधार पर—

१. ज्ञानावरणीय	कर्म की	पांचों	प्रकृतियों	की	क्षीणता से	निष्पन्न गुण ५
२. दर्शनावरणीय	,,	,, नौ	,,	,,	,,	९
३. आयुष्य	,,	,, चार	,,	,,	,,	४
४. अन्तराय	,,	,, पांच	,,	,,	,,	५
५. वेदनीय	,,	,, दो	,,	,,	,,	२
६. मोहनीय	,,	,, दो	,,	,,	,,	२
७. नाम	,,	,, दो	,,	,,	,,	२
८. गोत्र	,,	,, दो	,,	,,	,,	२

दूसरे प्रकार के संख्या-आकलन में संस्थान, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श और वेद—ये छह घटक तत्त्व हैं—

१. संस्थान—आयत, वृत्त, त्र्यंस, चतुरस्र, परिमंडल ।
२. वर्ण कृष्ण, नील, रक्त, पीत, शुक्ल ।
३. गंध —सुरभिगंध, दुरभिगंध ।
४. रस —तिक्त, कटुक, कषाय, अम्ल, मधुर ।
५. स्पर्श—कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष ।
६. वेद —स्त्री, पुरुष, नपुंसक ।

इन सब गुणों के साथ 'नकार' लगाना चाहिए। जैसे वे न दीर्घ हैं, न ह्रस्व हैं आदि-आदि ।

इनके अतिरिक्त तीन गुण और हैं—अशरीरी, अजन्मा, अनासक्त। इनका कुलयोग इकतीस होता है ।

२६. **योगसंग्रह** (समवाओ, ३२।१)

जैन परंपरा में योग शब्द मन, वचन, काया की प्रवृति के लिए प्रयुक्त होता है । प्रस्तुत प्रसंग में योग शब्द समाधि का वाचक है। यहां जिन बत्तीस योगों का संग्रहण किया है, वे सब समाधि के कारणभूत हैं ।

१. आलोचना—अपने प्रमाद का निवेदन करना ।
२. निरपलाप—आलोचित प्रमाद का अप्रकटीकरण ।
३. आपत्काल में दृढ़धर्मता—किसी भी प्रकार की आपत्ति में दृढ़धर्मी बने रहना ।
४. अनिश्रितोपधान—दूसरों की सहायता लिए बिना तपःकर्म करना ।
५. शिक्षा—सूत्रार्थ का पठन-पाठन तथा क्रिया का आचरण ।
६. निष्प्रतिकर्मता—शरीर की सार-संभाल या चिकित्सा का वर्जन ।
७. अज्ञातता—अज्ञात रूप में तप करना, उसका प्रदर्शन या प्रख्यापन नहीं करना ।
८. अलोभ—निर्लोभता का अभ्यास करना ।
९. तितिक्षा—कष्ट-सहिष्णुता, परीषहों पर विजय पाने का अभ्यास करना ।
१०. आर्जव—सरलता ।
११. शुचि—पवित्रता—सत्य, संयम आदि का आचरण ।
१२. सम्यग्दृष्टि—सम्यग्दर्शन की शुद्धि ।
१३. समाधि—चित्त-स्वास्थ्य ।
१४. आचार—आचार का सम्यग् प्रकार से पालन करना, उसमें माया न करना ।

१५. विनयोपग—विनम्र होना, अभिमान न करना।
१६. धृतिमति—धैर्ययुक्त बुद्धि, अदीनता।
१७. संवेग—संसार-वैराग्य अथवा मोक्ष की अभिलाषा।
१८. प्रणिधि—अध्यवसाय की एकाग्रता।
१९. सुविधि—सद् अनुष्ठान।
२०. संवर—आस्रवों का निरोध।
२१. आत्मदोषोपसंहार—अपने दोषों का उपसंहरण।
२२. सर्वकामविरक्तता—सर्व विषयों से विमुखता।
२३. प्रत्याख्यान—मूलगुण विषयक त्याग।
२४. प्रत्याख्यान—उत्तरगुण विषयक त्याग।
२५. व्युत्सर्ग—शरीर, भक्तपान, उपधि तथा कषाय का विसर्जन।
२६. अप्रमाद—प्रमाद का वर्जन।
२७. लवालव—सामाचारी के पालन में सतत जागरूक रहना।
२८. ध्यानसंवरयोग—महाप्राण ध्यान की साधना करना।
२९. मारणांतिक उदय—मारणांतिक वेदना का उदय होने पर भी क्षुब्ध न होना, शांत और प्रसन्न रहना।
३०. संग-परिज्ञा—आसक्ति का त्याग।
३१. प्रायश्चित्तकरण—दोष-विशुद्धि का अनुष्ठान करना।
३२. मारणांतिक आराधना—मृत्युकाल में आराधना करना।

२७. आशातना

ऐसी प्रवृत्ति जिससे ज्ञान, दर्शन, चारित्र, विनय आदि में न्यूनता आए, उसकी उपलब्धि में बाधा आए, वह आशातना कहलाती है। आशातना के तेतीस प्रकार हैं। उसका आकलन भी दो प्रकार से प्राप्त होता है—

१. 'अरिहंतों की आशातना' से लेकर 'स्वाध्याय काल में स्वाध्याय न किया हो' तक तेतीस की संख्या होती है। ये तेतीस आशातनाएं हैं।

२. समवाओ (३३।१) में उनका आकलन भिन्न प्रकार से है। यह प्रकार अधिक प्रचलित है।

५ काउस्सग्गो

१. अइयार-विसोहण-सुत्तं

दैवसिक-अइयार-विसोहणट्ठं करेमि काउस्सग्गं ।

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
दैवसिकातिचारविशोधनार्थं	दैवसिक अतिचार की विशुद्धि के लिए
करोमि	करता हूं
कायोत्सर्गम् ।	कायोत्सर्ग ।

भावार्थ

दैवसिक अतिचार की विशुद्धि के लिए कायोत्सर्ग करता हूं ।

२. नमुक्कार-सुत्तं[1]

३. सामाइय-सुत्तं[2]

५. अइयार-चिंतण-सुत्तं[3]

५. काउस्सग्गपइण्णा-सुत्तं

तस्स उत्तरीकरणेणं पायच्छित्तकरणेणं विसोहीकरणेणं विसल्लीकरणेणं पावाणं कम्माणं निग्घायणट्ठाए ठामि काउस्सग्गं अन्नत्थ ऊससिएणं नीससिएणं खासिएणं छीएणं जंभाइएणं उड्डुएणं वायनिसग्गेणं भमलीए पित्तमुच्छाए सूहुमेहिं अंगसंचालेहिं सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं सुहुमेहिं दिट्ठिसंचालेहिं एवमाइएहिं आगारेहिं अभग्गो अविराहिओ होज्ज मे काउस्सग्गो जाव अरहंताणं भगवंताणं नमोक्कारेणं न पारेमि ताव कायं ठाणेणं मोणेणं झाणेणं अप्पाणं वोसिरामि ।

१,२. देखें—पहला प्रकरण ।

३. यहां चतुर्थ प्रकरण का पडिक्कमण सुत्तं आएगा । इस पाठ में 'पडिक्कमिउं' के स्थान में 'ठाइउं काउस्सग्गं' पाठ होगा ।

ठाइउं=स्थापना करने की

काउस्सग्गं=कायोत्सर्ग

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
तस्य	उसके
उत्तरीकरणेन	परिष्कार द्वारा
प्रायश्चित्तकरणेन	प्रायश्चित्त द्वारा
विशोधिकरणेन	विशोधि द्वारा
विशल्यीकरणेन	शल्य-विमोचन द्वारा
पापानां कर्मणां	पापाकर्मों के
निर्घातनार्थं	विनाश के लिए
तिष्ठामि	स्थित होता हूं
ककायोत्सर्गम्	कायोत्सर्ग में
अन्यत्र	(निम्न निर्दिष्ट को) छोड़कर
उच्छ्वसितात्	उच्छ्वास
निःश्वसितात्	निःश्वास
कासितात्	खांसी
क्षुतात्	छींक
जृम्भितात्	जम्हाई
'उड्डुएणं'	डकार
वातनिसर्गात्	अधोवायु
भ्रमल्याः	चक्कर
पित्तमूर्च्छायाः	पित्तजनित मूर्च्छा
सूक्ष्मेभ्यः अंगसञ्चालेभ्यः	शरीर के अंगों के सूक्ष्म संचार
सूक्ष्मेभ्यः श्वेलसञ्चालेभ्यः	श्लेष्म के सूक्ष्म संचार (और)
सूक्ष्मेभ्यः दृष्टिसञ्चालेभ्यः	दृष्टि के सूक्ष्म संचार को—
एमादिभिः	इस प्रकार के अन्य
आकारैः	अपवादों से
अभग्नः	अभग्न
अविराधितो	अविराधित
भवेद्	हो
मम	मेरा
कायोत्सर्गः	कायोत्सर्ग
यावद्	जब तक
अर्हतां	अर्हत्
भगवतां	भगवान् को
नमस्कारेण	नमस्कार करके
न	नहीं

पारयामि	पूरा कर लेता (कायोत्सर्ग)
तावत्	तब तक
कायं	काया को
स्थानेन	स्थान—स्थिर मुद्रा
मौनेन	मौन (और)
ध्यानेन	(शुभ) ध्यान के द्वारा
आत्मानं[1]	अपनी आत्मा (शरीर) का
व्युत्सृजामि	त्याग करता हूं।

भावार्थ

मैं अविधिकृत आचारण के परिष्कार, प्रायश्चित्त, विशोधन और शल्य-विमोचन द्वारा पाप कर्मों को नष्ट करने के लिए कायोत्सर्ग करता हूं।

उच्छ्वास, निःश्वास, खांसी, छींक, जम्हाई, डकार, अधोवायु, चक्कर, पित्तजनितमूर्च्छा, शारीरिक अवयवों, कफ और दृष्टि का सूक्ष्म संचालन—ये प्रवृत्तियां कायोत्सर्ग में बाधक नहीं बनेंगी। इस प्रकार की अन्य स्वाभाविक और विकारजनित बाधाओं के द्वारा भग्न और विराधित नहीं होगा मेरा कायोत्सर्ग। जब तक मैं अर्हत् भगवान् को नमस्कार कर उसे सम्पन्न न करूं तब तक मैं स्थिर मुद्रा, मौन और शुभ ध्यान के द्वारा अपने शरीर का विसर्जन करता हूं।

६. चउवीसत्थव-सुत्तं[2]

---

१. हारिभद्रीया वृत्ति—प्राकृतशैल्या आत्मीयं।

२. देखें—दूसरा प्रकरण।

१.

अईअं पडिक्कमामि पडिपुन्नं संवरेमि अणागयं पच्चक्खामि ।

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
अतीतं	मैं अतीत का
प्रतिक्रामामि	प्रतिक्रमण करता हूं,
प्रत्युत्पन्नं	वर्तमान का
संवृणोमि	संवर करता हूं,
अनागतं	भविष्य का
प्रत्याख्यामि ।	प्रत्याख्यान करता हूं ।

२. पच्चक्खाण-सुत्तं

(क) नमुक्कारसहियं

सूरे उग्गए नमुक्कारसहियं पच्चक्खामि चउव्विहं पि आहारं—असणं पाणं खाइमं साइमं अन्नत्थणाभोगेणं सहसागारेणं वोसिरामि ।

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
सूरे	सूर्य के
उद्गते	उग जाने पर
नमस्कारसहितां	नमस्कारसंहिता[1] का
प्रत्याख्यामि	प्रत्याख्यान करता हूं
चतुर्विधमपि	चतुर्विध
आहारं	आहार का
अशनं	अशन
पानं	पान
खाद्यं	खाद्य (और)
स्वाद्यं	स्वाद्य का

१. सूर्योदय से अडतालिस मिनिट का कालमान । राजस्थानी भाषा में 'नोकारसी' ।

अन्यत्र	छोड़कर
अनाभोगात्	अज्ञान और
सहसाकारात्	आकस्मिकता को
व्युत्सृजामि ।	व्युत्सर्ग करता हूं ।

(ख) पोरिसी

सूरे उग्गए पोरिसिं पच्चक्खामि चउव्विहं आहारं—असणं पाणं खाइमं साइमं अन्नत्थणाभोगेणं सहसागारेणं पच्छन्नकालेणं दिसामोहेणं साहुवयणेणं सव्वसमाहिवत्तिआगारेणं वोसिरामि ।

संस्कृत छाया	**शब्दार्थ**
सूरे	सूर्य के
उद्गते	उग जाने पर
पौरुषी	'पौरुषी'[1] का
प्रत्याख्यामि	प्रत्याख्यान करता हूं
चतुर्विधमपि	चतुर्विध
आहारं	आहार का
अशनं	अशन
पानं	पान
खाद्यं	खाद्य (और)
स्वाद्यं	स्वाद्य का
अन्यत्र	छोड़कर
अनाभोगात्	अज्ञान और
सहसाकारात्	आकस्मिकता को
प्रच्छन्नकालात्	काल का पता न चलने पर
दिङ्मोहात्	दिशामूढ़ता हो जाने पर
साधुवचनात्	साधु के कहने पर
सर्वसमाधिप्रत्ययाकारात्	सर्वसमाधिहेतुक
व्युत्सृजामि ।	व्युत्सर्ग करता हूं ।

(ग) अभत्तट्ठं

सूरे उग्गए अभत्तट्ठं पच्चक्खामि चउव्विहंपि आहारं—असणं पाणं खाइमं साइमं अन्नत्थणाभोगेणं सहसागारेणं पारिट्ठावणियागारेणं महत्तरागारेणं सव्वसमाहिवत्तिआगारेणं वोसिरामि ।

---

१. एक प्रहर का कालमान ।

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
सूरे	सूर्य के
उद्गते	उग जाने पर
अभक्तार्थं	उपवास का
प्रत्याख्यामि	प्रत्याख्यान करता हूं
चतुर्विधमपि	चतुर्विध
आहारं	आहार का
अशनं	अशन
पानं	पान
खाद्यं	खाद्य (और)
स्वाद्यं	स्वाद्य का
अन्यत्र	छोड़कर
अनाभोगात्	अज्ञान और
सहसाकारात्	आकस्मिकता को
परिष्ठापनिकाकारात्	अतिरिक्त आहार आ जाने पर परिष्ठापन की स्थिति में
महत्तराकारात्	आचार्य के द्वारा आज्ञा देने पर
सर्वसमाधिप्रत्ययाकारात्	सर्वसमाधिहेतुक
व्युत्सृजामि ।	व्युत्सर्ग करता हूं ।

३. सक्कत्थुई

नमोत्थु णं अरहंताणं भगवंताणं आइगराणं तित्थयराणं सहसंबुद्धाणं पुरिसोत्तमाणं पुरिससीहाणं पुरिसवरपुंडरीयाणं पुरिसवरगंधहत्थीणं लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहियाणं लोगपईवाणं लोगपज्जोयगराणं, अभयदयाणं चक्खुदयाणं मग्गदयाणं सरणदयाणं जीवदयाणं बोहिदयाणं धम्मदयाणं धम्मदेसयाणं धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टीणं दीवो ताणं सरण-गई-पइट्ठा अप्पडिहयवरनाणदंसणधराणं विअट्टछउमाणं जिणाणं जावयाणं तिण्णाणं तारयाणं बुद्धाणं बोहयाणं मुत्ताणं मोयगाणं सव्वण्णूणं सव्वदरिसीणं सिवमयलमरुयमणंतमक्खयमव्वाबाहमपुणरावित्तयं सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपत्ताणं नमो जिणाणं जियभयाणं ।

संस्कृत छाया	शब्दार्थ
नमोऽस्तु	नमस्कार हो
अर्हद्भ्यः	अर्हत्

भगवद्भ्यः	भगवान्
आदिकरेभ्यः	धर्म के आदिकर्ता
तीर्थंकरेभ्यः	तीर्थंकर
स्वयंसम्बुद्धेभ्यः	स्वयंसम्बुद्ध
पुरुषोत्तमेभ्यः	पुरुषोत्तम
पुरुषसिंहेभ्यः	पुरुषसिंह
पुरुषवरपुंडरीकेभ्यः	पुरुषों में प्रवर पुंडरीक
पुरुषवरगंधहस्तिभ्यः	पुरुषों में प्रवर गंधहस्ती
लोकोत्तमेभ्यः	लोकोत्तम
लोकनाथेभ्यः	लोकनाथ
लोकहितेभ्यः	लोकहितकारी
लोकप्रदीपेभ्यः	लोकप्रदीप
लोकप्रद्योतकरेभ्यः	लोक में उद्योत करने वाले
अभयदयेभ्यः	अभयदाता
चक्षुर्दयेभ्यः	चक्षुदाता
मार्गदयेभ्यः	मार्गदाता
शरणदयेभ्यः	शरणदाता
जीवदयेभ्यः	जीवनदाता
बोधिदयेभ्यः	बोधिदाता
धर्मदयेभ्यः	धर्मदाता
धर्मदेशकेभ्यः	धर्मोपदेष्टा
धर्मनायकेभ्यः	धर्मनायक
धर्मसारथिभ्यः	धर्म सारथि
धर्म-वर-चातुरंत-चक्रवर्तिभ्यः	धर्म के प्रवर चतुर्दिक व्यापी चक्रवर्ती
दीपः	जो दीप हैं
त्राणं	त्राण हैं
शरण-गति-प्रतिष्ठा	शरण, गति और प्रतिष्ठा है
अप्रतिहत-वर-ज्ञानदर्शनधरेभ्यः	अबाधित प्रवरज्ञान-दर्शन के धारक
विवृतछद्मभ्यः	आवरण-रहित
जिनेभ्यः	जयी या ज्ञाता
जापकेभ्यः	जिताने वाले या ज्ञापक
तीर्णेभ्यः	तीर्ण
तारकेभ्यः	तारक
बुद्धेभ्यः	बुद्ध
बोधकेभ्यः	बोधिदाता

मुक्तेभ्यः	मुक्त
मोचकेभ्यः	मुक्तिदाता
सर्वज्ञेभ्यः	सर्वज्ञ
सर्वदर्शिभ्यः	सर्वदर्शी
शिवम्	कल्याणकारी
अचलम्	अचल
अरुजम्	अरुज
अनन्तम्	अनन्त
अक्षयम्	अक्षय
अव्याबाधम्	अव्याबाध
अपुनरावृत्तकं	पुनरावृत्ति से रहित
सिद्धिगति-नामधेयं	सिद्धि गति नामक
स्थानं	स्थान को
संप्राप्ततेभ्यः[1]	प्राप्त
नमो	नमस्कार हो
जिनेभ्यः	जिनेश्वर
जितभयेभ्यः ।	भय-विजेता को ।

१. दूसरे नमोत्थुणं में इसके स्थान पर 'संपाविउकामाणं' पाठ है। इसकी संस्कृत छाया है—'संप्राप्तुकामेभ्यः' और अर्थ है—संप्राप्त करने वाले।

परिशिष्ट १

१. ज्ञान के अतिचार

आगमे तिविहे पन्नते, तं जहा—सूत्तागमे अत्थागमे तदुभयागमे—आगम पाठ का विपर्यास, मूल पाठ में अन्य पाठ का मिश्रण, अक्षरों की न्यूनाधिकता, पद, विराम, घोष व सम्बन्ध की हीनता, ज्ञान को विधिवत् न लेना और न देना, अकाल में स्वाध्याय, काल में अस्वाध्याय, अस्वाध्यायी में स्वाध्याय, स्वाध्यायी में अस्वाध्यायी—इस प्रकार ज्ञान की आराधना में अतिक्रमण किया हो तो तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

२. दर्शन के अतिचार

अरहंतो महदेवो, जावज्जीवं सुसाहुणो गुरूणो जिणपण्णत्तं तत्तं इयं सम्मत्तं मए गहियं । तत्त्व में शंका, अतत्त्व की आकांक्षा, करनी के फल में संदेह, कुतत्त्वगामी की प्रशंसा व उनसे संपर्क—इस प्रकार दर्शन की आराधना में अतिक्रमण किया हो तो तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

३. चारित्रातिचार

१. आहिंसा महाव्रत

१. पृथ्वीकाय—खनिज मिट्टी, धातु, द्रव आदि ।
२. अप्काय—पानी, ओस, हिम, कुहासा आदि ।
३. तेजस्काय—अग्नि, अंगारे आदि ।
४. वायुकाय—सचित्त वायु—फूंक देना, पंखे व वस्त्र से वीजना आदि ।
५. वनस्पतिकाय—बीज, हरियाली, फफूंदी आदि ।
६. त्रसकाय—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, संमूर्च्छिम तथा गर्भज पंचेन्द्रिय ।

इस प्रकार छह जीवनिकाय की विराधना मन से, वचन से, काया से की हो, कराई हो, करते हुए का अनुमोदन किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।[1]

भावना

१. मन में हिंसा, घृणा और ईर्ष्या का विकल्प न उठे—इस भावना

---

१. तस्स मिच्छा मि दुक्कडं से पूर्व सर्वत्र त्रिकरण, त्रियोग गम्य हैं।

से मेरा चित्त भावित रहे।

२. आक्रोश, कलह और कटुतापूर्ण वचन का प्रयोग न हो—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

३. मैत्री, प्रमोद और करुणा की भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

२. सत्य महाव्रत

क्रोध, लोभ, भय और हास्यवश असत्य बोलकर सत्य महाव्रत की विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

भावना

१. बिना विचारे न बोलूं—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

२. क्रोध, लोभ, भय और हास्य का विकल्प न उठे—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

३. अचौर्य महाव्रत

स्वामी की अनुमति के बिना अल्प-मूल्य या बहु-मूल्य वस्तु ग्रहण कर तथा देव और गुरु की आज्ञा का भंग कर अचौर्य महाव्रत की विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

भावना

१. प्रामाणिकता की भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

२. आज्ञा, अनुशासन और मर्यादा की भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

३. अपने संविभाग से अधिक न लूं—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

४. अपने दायित्व के प्रति जागरूक रहूं—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

तवतेणे वयतेणे, रूवतेणे य जे नरे।
आयारभावतेणे य, कुव्वइ देवकिव्विसं॥

४. ब्रह्मचर्य महाव्रत

काम-राग, स्नेह-राग, दृष्टि-रागवश ब्रह्मचर्य महाव्रत की विराधना की हो, तस्य मिच्छा मि दुक्कडं।

भावना

१. खाद्य-संयम, दृष्टि-संयम और स्मृति-संयम की भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

२. वासना को उद्दीप्त करने वाली चर्चा और विभूषा से बचता

रहूं—इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

५. अपरिग्रह महाव्रत

पदार्थ का संग्रह, अप्राप्त वस्तु की आकांक्षा और प्राप्त वस्तु की मूर्च्छा कर अपरिग्रह महाव्रत की विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

भावना

१. मनोज्ञ-अमोज्ञ शब्द, रूप, गन्ध, रस और स्पर्श के प्रति प्रियता-अप्रियता का भाव न आए, इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

२. उपकरण की मर्यादा का अतिक्रमण न हो, इस भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

३. अल्पोषधि की भावना से मेरा चित्त भावित रहे।

अणिएयवासो समुयाणचरिया, अन्नायउंछं पइरिक्कया य।
अप्पोवही कलहविवज्जणा य, विहारचरिया इसिणं पसत्था॥

रात्रि-भोजन-विरमण व्रत

अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, औषध आदि रात्रि में रखकर या भोगकर रात्रि-भोजन विरमण व्रत की विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

पांच समितियां

१. ईर्या समिति—शरीर प्रमाण भूमि को देख, इन्द्रिय-बिषय और स्वाध्याय का वर्जन कर तथा मौनपूर्वक चलने में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

२. भाषासमिति—निरवद्य, परिमित, संयत और विचारपूर्वक बोलने में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

३. एषणा समिति—गवेषणा, ग्रहणैषणा और परिभोगैषणा में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

४. उत्सर्ग समिति—वस्त्र, पात्र आदि उपकरण संयमपूर्वक लेने-रखने में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

५. उत्सर्ग समिति—उच्चार, प्रस्रवण, श्लेष्म आदि का संयमपूर्वक परिष्ठापन करने में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

तीन गुप्तियां

१. मनोगुप्ति—विषय, कषाय आदि सावद्य प्रवृत्ति से मन के निवर्तन तथा मनोनिग्रह में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

२. वचनगुप्ति—विषय, कषाय आदि सावद्य प्रवृत्ति से वचन के निवर्तन तथा बचन-निग्रह में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

३. कायगुप्ति—उठने-बैठने, चलने-सोने आदि की असंयत प्रवृत्ति से काया के निवर्तन तथा काय-निग्रह में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

४. तप अतिचार—द्वादशविध तप के आचरण में कोई विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

५. वीर्यातिचार—प्रतिक्रमण, प्रतिलेखन, चउवीसत्थव आदि आवश्यक क्रिया तथा सेवा-शुश्रूषा आदि में शक्ति का संगोपन किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

सामाचारी—बाहर जाते समय **'आवस्सई'**, वापिस लौटने पर **'निस्सही'**, परिष्ठापन आदि से पूर्व **'अणुजाणह जस्स उग्गहं'** और उसके बाद **'वोसिरे वसिरे'** कहना आदि सामाचारी के आचरण में तथा मूलगुण, उत्तरगुण में प्रमाद किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

अठारह पाप

प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, परिपरिवाद, रति-अरति, मायामृषा, मिथ्यादर्शनशल्य—इन पाप-स्थानों का आचरण किया हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं ।

परिशिष्ट २

पंचपद-वन्दना

णमो अरहंताणं—परम अर्हता संपन्न, चार घनघाती कर्म का क्षय कर, अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त चारित्र, अनन्त शक्ति और आठ प्रातिहार्य, इन बारह गुणों से सुशोभित हैं, चउतीस अतिशय, पैंतीस वचनातिशय से युक्त, धर्म-तीर्थ के प्रवर्तक, वर्तमान तीर्थंकर सीमंधर आदि अर्हतों को विनम्रभाव से पंचांग प्रणतिपूर्वक वन्दना—तिक्खुत्तो आयाहिणं·····।

णमो सिद्धाणं—परम सिद्धि संप्राप्त, अष्ट कर्म क्षय कर केवलज्ञान, केवलदर्शन, असंवेदन, आत्म-मरण, अटल-अवगाहन, अमूर्ति, अगुरुलघु और निरन्तराय इन अष्टगुणों से सम्पन्न, परमात्मा, परमेश्वर, जन्म, मरण, जरा, रोग, शोक, दुःख, दारिद्र्य रहित अनन्त सिद्धों को विनम्रभाव से पंचांग प्रणतिपूर्वक वंदना—तिक्खुत्तो आयाहिणं····।

णमो आयरियाणं—परम आचार-कुशल, धर्मोपदेशक, धर्मधुरंधर, बहुश्रुत, मेधावी, सत्य-निष्ठ, श्रद्धा-धृति-शक्ति-शान्ति-सम्पन्न, अष्टविध गणि-सम्पदा[1] से सुशोभित, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के ज्ञाता, चतुर्विध धर्मसंघ के शास्ता, तीर्थंकर के प्रतिनिधि एवं छत्तीस गुण के धारक[2] वर्तमान आचार्यश्री तुलसी आदि आचार्यों को पंचांग प्रणतिपूर्वक वन्दना—तिक्खुत्तो आयाहिणं····।

णमो उवज्झायाणं—परम श्रुत-स्वाध्यायी, धर्मसंघ में आचार्य द्वारा नियुक्त, ग्यारह अंग, बारह उपांग और अध्ययन-अध्यापन में कुशल—इन

---

१. १. आचार-संपदा, २. श्रुत-संपदा, ३. शरीर-संपदा, ४. वचन-संपदा, ५. वाचना-संपदा, ६. मति-संपदा, ७. प्रयोग-संपदा, ८. संग्रह संपदा।

२. पांच महाव्रत, पांच आचार, पांच समिति, तीन गुप्ति, नव-बाड़-सहित ब्रह्मचर्य का पालन, चार कषाय-वर्जन, पंचेन्द्रिय-विजय।

अथवा

१. देस[1] कुल[2] जाइ[3] रूवी[4] संघयणा[5] धिइ[6] जुओ अनासंसी,[7]
अविकत्थणो[8] अमाई[9] थिरपरिवाड़ी[10] गहियवक्को[11]।
जियपरिसो[12] जियनिद्दो[13] मज्झत्थो[14] देसकालभावण्णू[15]
आसन्नलद्धपइभो[16] नाणाविहदेसभासण्णू।[18]

पच्चीस गुणों से सुशोभित उपाध्यायों को विनम्रभाव से पंचांग प्रणतिपूर्वक वन्दना—तिक्खुत्तो आयाहिणं····।

णमो लोए सव्वसाहूणं—अध्यात्म-साधना में संलग्न पांच महाव्रत, पंचेन्द्रिय-निग्रह, चार कषाय-विवेक, भावसत्य,[1] करणसत्य,[2] योगसत्य,[3] क्षमा, वैराग्य, मन-वचन-काय-समाहरणता[4] ज्ञान-दर्शन-चारित्र-संपन्नता, वेदना और मृत्यु के प्रति सहिष्णुता—इन सत्ताईस गुणों के धारक, परीषह-जयी, प्रासुक-एषणीय-भोजी, अर्हत् और आचार्य की आज्ञा के आराधक, तपोधन साधु-साध्वियों को विनम्रभाव से पंचांग प्रणतिपूर्वक वन्दना—तिक्खुत्तो आयाहिणं···।

पंचविह-आयारजुत्तो सुत्तत्थतदुभयविहण्णू,
आहरणहेउकारणणयनिउणो गाहणाकुसलो।
ससमयपरसमयविऊ गंभीरो दित्तिमं सिवो सोमो,
गुणसयकलिओ जुग्गो पवयणसारं परिकहिउं ॥२॥

१. भावधारा की पवित्रता २. कार्य की प्रामाणिकता
३. मन, वचन, काया की विशुद्धि ४. वापिस खींचना—

जत्थेव पासे कइ दुप्पउत्तं,
काएण वाया अदु माणसेणं।
तत्थेव धीरो पडिसाहरेज्जा,
आइन्नओ खिप्पमिवक्खलीणं ॥

परिशिष्ट ३

८४ लाख जीवयोनि

सात लाख पृथ्वीकाय, सात लाख अप्काय, सात लाख तैजस्काय, सात लाख वायुकाय, दस लाख प्रत्येक वनस्पतिकाय, चौदह लाख साधारण वनस्पतिकाय, दो लाख द्वीन्द्रिय, दो लाख त्रीन्द्रिय, दो लाख चतुरिन्द्रिय, चार लाख नारक, चार लाख देवता, चार लाख तिर्यंचपंचेन्द्रिय, चौदह लाख मनुष्यपंचेन्द्रिय—८४ लाख जीवयोनि की विराधना की हो, तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

परिशिष्ट ४

प्रतिक्रमण-विधि

	पृष्ठ
१. चउवसत्थव	
इरियावहिय-सुत्तं	१८
तस्स उत्तरी	५२
चउवीसत्थव-सुत्तं	४
[एक 'लोगस्स' का ध्यान	
एक 'लोगस्स' का उच्चारण]	
सक्कत्थुई	५७
२. पढमं आवस्सयं	
आवस्सई-सुत्तं	१
नमुक्कार-सुत्तं	१
सामाइयं-सुत्तं	२
पडिक्कमण-सुत्तं	१६
तस्स उत्तरी	५२
ध्यान में	
णाणाइयार-सुत्तं	११
दंसणाइयार-सुत्तं	१२
चारित्रातिचार	६०
पडिक्कमण-सुत्तं	१६
नमुक्कार-सुत्तं	१
३. बीयं आवस्सयं	
चउवीसत्थव-सुत्तं	४
४. तइयं आवस्सयं	
वंदणय-सुत्तं (दो बार)	८
५. चउत्थं आवस्सयं	
णाणाइयार-सुत्तं	११

दंसणाइयार-सुत्तं १२
चारित्रातिचार ६०
पडिक्कमण-सुत्तं १६
तस्स सव्वस्स-सुत्तं १४
नमुक्कार-सुत्तं १
सामाइय-सुत्तं २
मंगल-सुत्तं १५
पडिक्कमण-सुत्तं १६
इरियावहिय-सुत्तं १८
सेज्जा-अइयार-पडिक्कमण-सुत्तं २०
गोयर-अइयार-पडिक्कमण-सुत्तं २१
सज्झायादि-अइयार-पडिक्कमण-सुत्तं २३
एगविधादि-अइयार-पडिक्कमण-सुत्तं २५
निग्गंथपावयणे थिरीकरण-सुत्तं ३२
खामेमि···· ३६
वंदणय-सुत्तं (दो बार) ८
पंचपद-वंदना ६४
खामणा-सुत्तं ३७
८४ लाख जीवयोनि ६६

६. पंचमं आवस्सयं

देवसिय-अइयार ५२
नमुक्कार-सुत्तं १
सामाइय-सुत्तं २
पडिक्कमण-सुत्तं १६
तस्स उत्तरी ५२
चउवीसत्थव-सुत्तं ४
(चार बार ध्यान में, एक बार उच्चारण)
वंदणय-सुत्तं (दो बार) ८

छट्ठं आवस्सयं

अईअं···· ५५
पच्चक्खाण-सुत्तं ५५
सक्कत्थुई (दो बार) ५७

नोट—१. दैवसिक या रात्रिक में चार, पाक्षिक में बारह, चातुर्मासिक में बीस और सांवत्सरिक प्रतिक्रमण में चालीस 'लोगस्स' का ध्यान।

ध्यान सम्पन्न करने के पश्चात् एक 'लोगस्स' का उच्चारण।

२. प्रत्येक बार ध्यान की संपन्नता नमस्कारमंत्रपूर्वक।

३. छठे आवश्यक के अंत में दो बार 'नमोत्थु णं' का पाठ बोला जाता है। पहला सिद्ध भगवान् के प्रति, दूसरा अरिहंत के प्रति। फिर 'नमोत्थु णं' का उच्चारण नहीं किया जाता, केवल इतना ही कहा जाता है—**'मम धम्मायरियस्स धम्मोवदेसगस्स थवत्थुई मंगलं।'**

४. देवसियं, राइयं, पक्खियं, चाउमासियं, सांवच्छरिअं—इन शब्दों का उच्चारण यथाकाल, यथास्थान करना चाहिए।